कार्यालय प्राचार्य
बी.सी.एस. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी (छ.ग.)
Website - www.bcspgcdmt.com
E-mail - pgcollege.dhamtari@gmail.com
AISHE CODE: C-21763
दूरभाष- 07722-238933
फैक्स - 07722-237933

दिनांक 09/03 /2022

# वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2022 की समय-सारणी संबंधी
## ॥ सूचना ॥

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के पत्र कमांक/669/परीक्षा/वार्षिक/समय-सारिणी/2022, रायपुर दिनांक 09.03.2022 द्वारा विश्वविद्यालयीन वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल 2022 में आयोजित होने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की परीक्षाओं की समय-सारणी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित की जा चुकी है। परीक्षा केन्द्र कमांक 401, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के परीक्षा केन्द्र में विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय-सारणी के अनुसार वार्षिक परीक्षाएँ आयोजित होगी।

दिनांक 16.04.2022 से उक्त परीक्षाएँ तीन पालियों में आयोजित होगी। **प्रथम पाली** में प्रातः 07:00 बजे से 10:00 बजे तक बी.एस.सी., बी.एस.सी.-(गृह विज्ञान), बी.सी.ए.भाग-एक, दो एवं तीन, एम.ए.इतिहास, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी, पूर्व एवं अंतिम वर्ष, एम.एस.सी.-गणित पूर्व एवं अंतिम वर्ष की परीक्षा, **द्वितीय पाली** में दोपहर 11:00 बजे से 02:00 बजे तक बी.कॉम. भाग-एक, दो, एवं तीन नया/पुराना पाठ्यकम, प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व, समाजशास्त्र, संस्कृत, एम.कॉम.-पूर्व एवं अंतिम की परीक्षा एवं **तृतीय पाली** में अपरांह 03:00 बजे से 06:00 बजे तक बी.ए.भाग-एक, दो एवं तीन नया/पुराना पाठ्यकम की परीक्षा आयोजित होगी।

केन्द्र कमांक 401, बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी के समस्त नियमित एवं अमहाविद्यालयीन (प्राईवेट) परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षाएँ विश्वविद्यालय की समय-सारणी के अनुसार तीनों पालियों में ऑफलाईन (परीक्षा केन्द्र में शारीरिक रूप से उपस्थित रहकर) पद्धति से संचालित होगी। परीक्षार्थी भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 वायरस संकमण को रोकने हेतु जारी गाइडलाईन का पालन अवश्य करें। विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी महाविद्यालय की वेबसाईट एवं सूचना पटल का अवलोकन करें।

(डॉ.श्रीदेवी चौबे)
प्राचार्य
बी.सी.एस.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,धमतरी
जिला-धमतरी (छग)

Scanned with CamScanner